

## गुस्ताखी माफ

बटर-दूध-लस्सी-दही, सब कुछ मिले
अशुद्ध। हैरानी की बात है, नशा मिले पर शुद्ध।
नशा मिले पर शुद्ध, नहीं भी जरा मिलावट।
मिलावटी हैं शेष, पतन की चरम गिरावट।
कह साहिल कविराय, भले उत्तर या
दक्खन। शुद्ध मिले ना कहीं, दूध-घी-
लस्सी-मक्खन।

प्रस्तुति -- डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





VOL: 11 | ISSUE 135 | TUESDAY 26-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# PPCB खिलाफ इंडस्ट्री का आक्रोश, ऑफिस बाहर लगाया धरना, सरकार को पांच जून तक का अल्टीमेटम

लुधियाना/यूटर्न/25 मई। लुधियाना में अक्सर ही पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड पर कारोबारियों द्वारा धक्केशाही करने के आरोप लगाए जाते थे। लेकिन खुलकर कोई सामने नहीं आने के कारण मामला दब जाता था। लेकिन इस बार फोकल प्वाइंट की इंडस्ट्री द्वारा खुलकर पीपीसीबी का विरोध करना शुरू कर दिया गया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सोमवार को शहर की प्रमुख इंडस्ट्रियल एसोसिएशन्स ने मिलकर फोकल प्वाइंट फेस-8 स्थित पीपीसीबी ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। व्यापारियों का आरोप है कि प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा सरेआम धक्केशाही की जा रही है। उन्हें नोटिस भेजकर तंग किया जा रहा है। जिसके बाद सेटिंग की एवज में मोटी रकम वसूल की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाए कि पीपीसीबी चीफ इंजीनियर आरके रतड़ा की अगुवाई में टीम धक्केशाही कर रही है। जिसके चलते व्यापारियों ने चीफ इंजीनियर का तबादला करने की मांग की। मौके पर डीसीपी जसकिरनजीत सिंह तेजा पहुंचे। जिन्होंने पीपीसीबी के उच्च अधिकारियों से बातचीत की। जिसके बाद व्यापारियों द्वारा पांच जून तक का अल्टीमेटम दिया गया है।




PUNJAB POLLUTION CONTROL BOARD

### यह एसोसिएशन रही मौजूद

इस मौके पर यूनाइटेड साइकिल्स एंड पार्ट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाइजेशन, फास्टनर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एसोसिएशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्रियल अंडरटेकिंग्स, एपेक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पंजाब), इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ इंडिया, फास्टनर्स सप्लायर्स एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती लुधियाना, लुधियाना स्टील ब्रोकर्स वेलफेयर एसोसिएशन, लुधियाना वायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, लुधियाना हैंड टूल्स एसोसिएशन, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन और स्मॉल स्केल मिलर गंज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य मौजूद थे।

### पांच जून के बाद होगा पंजाब बंद



कारोबारियों का आरोप है कि हम जब तक कमाकर देते रहे, तब तक सब कुछ ठीक था। आज हम अपनी मांगें मनवाने आए तो प्रशासन द्वारा भारी पुलिस फोर्स लगा दी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगें पांच जून तक मांग ली तो ठीक है, नहीं तो पंजाब बंद कर दिया जाएगा।

### टैक्स भी भरें और फिर रिश्वत भी दें



कारोबारी नरिंद्र भंवरा ने कहा कि प्रदूषण बोर्ड द्वारा 20-25 प्वाइंट बनाकर व्यापारी को शोकॉज नोटिस जारी किया जाता है। जिसके जवाब आम व्यक्ति नहीं दे पाता। फिर व्यापारी कंसलटेंट के पास जाता है और फिर अधिकारी से सेटिंग होती है। लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं होगा। हम टैक्स भी भरें और रिश्वत भी दें, यह नहीं चलेगा।

### पहले जारी करते हैं नोटिस, फिर लेते हैं रिश्वत

कारोबारियों ने आरोप लगाया कि चीफ इंजीनियर आरके रतड़ा की अगुवाई में टीमों द्वारा इंडस्ट्री को पहले शोकॉज नोटिस जारी किए जाते हैं। फिर रिश्वत मांगी जाती है। जिसने रिश्वत दे दी तो ठीक नहीं तो कोई न कोई कमी निकालकर जबरन जुमार्ना लगा दिया जाता है। जिस कारण आज फोकल प्वाइंट की कई इंडस्ट्री बंद होने की कगार पर हैं। फिर अधिकारी बैंक गरंटियां मांगते हैं।

### यह है कारोबारियों की 3 प्रमुख मांगें

1. पीपीसीबी द्वारा जारी सभी शोकॉज नोटिस वापिस लिए जाए।
2. विभाग के चीफ इंजीनियर आरके रतड़ा को ट्रांसफर किया जाए।
3. पांच तारीख तक प्रदूषण बोर्ड चेयरमैन लुधियाना आकर व्यापारियों से बात करें।

कारोबारियों ने आरोप लगाया कि चीफ इंजीनियर आरके रतड़ा की अगुवाई में टीमों द्वारा इंडस्ट्री को पहले शोकॉज नोटिस जारी किए जाते हैं। फिर रिश्वत मांगी जाती है। जिसने रिश्वत दे दी तो ठीक नहीं तो कोई न कोई कमी निकालकर जबरन जुमार्ना लगा दिया जाता है। जिस कारण आज फोकल प्वाइंट की कई इंडस्ट्री बंद होने की कगार पर हैं। फिर अधिकारी बैंक गरंटियां मांगते हैं।

# हीरा सचदेवा फिर ED जांच के घेरे में, गेमिंग एप में हर दिन करोड़ों की कमाई, जैन्जी हो रहे अट्रैक्ट

लुधियाना/यूटर्न/25 मई। शहर के नटवरलाल धागा कारोबारी हीरा सचदेवा एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। हाल ही में हुई व्यापक छापेमारी ने न सिर्फ उनके व्यापारिक नेटवर्क बल्कि वित्तीय लेनदेन और संपत्तियों को लेकर भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद पूरे औद्योगिक और कारोबारी क्षेत्र में हलचल और अनिश्चितता का माहौल देखा जा रहा है। वहीं चर्चा है कि हीरा सचदेवा को गेमिंग एप का पैसा इधर उधर करने की एवज में रोजाना 20 लाख रुपए मिलते थे। उसकी और से यूएसडीटी डॉलर के जरिए करोड़ों का हेरफेर किया जा रहा था। हालांकि इस कार्य के लिए इतनी बड़ी अमाउंट मिलने के चलते अब जैन्जी (जेनरेशन जेड) भी इस तरफ आकर्षित हो रहे है। क्योंकि इतने कम समय में इतना इकट्ठा पैसा कभी नहीं कमाया जा सकता। जिसके चलते इसे आसान रास्ता समझा जा रहा है। लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसियों को चाहिए कि इस नेटवर्क को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। ताकि यूथ को भटकने से रोका जा सके।






### गेमिंग एवं बैटिंग एप बने आइडियल कारोबार

चर्चा है कि वर्तमान समय में गेमिंग एवं बैटिंग एप युवाओं के आइडियल कारोबार बने हुए है इसका मुख्य कारण इनके ईजी इनकम का सोर्स होना माना जा रहा है, केवल लुधियाना में ही 200 से ज्यादा युवा इस बैटिंग एप्प के इलीगल खेल में किस्मत आजमा रहे है, बुद्धिजीवियों की माने तो बैटिंग एप्प से जुड़े लोगों का दिनों में बदलता लग्जरी लाइफस्टाइल अन्यों को भी प्रभावित कर रहा है चर्चाएं है की धागा कारोबारी का लाइफस्टाल भी पिछले कुछ समय में हैरानी जनक तरिके से बदला है।

### जांच एजेंसियों की रडार पर कारोबारी

बताया जा रहा है कि जांच एजेंसियां पिछले काफी समय से कारोबारी से जुड़े कथित वित्तीय लेन-देन, निवेश पैटर्न और कंपनियों के नेटवर्क की निगरानी कर रही थीं। शुरूआती जांच में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन की आशंका जताई जा रही है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। ईडी अब बरामद किए गए दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की बारीकी से जांच कर रही है, ताकि पूरे नेटवर्क और लेन-देन की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

### कारोबारी जगत में हलचल

छापेमारी की खबर सामने आते ही लुधियाना के कारोबारी जगत में खलबली मच गई। हीरा सचदेवा के लग्जरी लाइफ स्टाइल से प्रभावित होकर कई नामी घरानों के युवा अपने परिवार से छिप कर हीरा सचदेवा से जुड़ कर रात रात पैसा कमाना चाहते है।

Uturn Time 26 May 2026_Layout 2 26-05-2026 00:04 Page 2



## सोनीपत के कुंडली में टीडीआई सिटी में एक कपल और महिला की बेरहमी से हत्या



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। एक चौंकाने वाली घटना में, सोनीपत जिले के कुंडली इलाके में टीडीआई सिटी में आधी रात के करीब तीन लोगों, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं, की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी ने कथित तौर पर लोहे की रॉड और एक धारदार हथियार से हमला करके तीनों की हत्या कर दी। घटना के बाद, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और एफएसएल की एक टीम मामले की जांच के लिए मौके पर पहुंची। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय विजय और उनकी 47 वर्षीय पत्नी सुनीता के रूप में हुई, जो सोनीपत शहर के कोट मोहल्ला के रहने वाले थे। यह कपल पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर 1299 में रहता था। तीसरी पीड़ित की पहचान 32 वर्षीय स्वाति के रूप में हुई, जो बडोली गांव की रहने वाली थी और टीडीआई सिटी बीपीएल फ्लैट्स की दूसरी मंजिल पर फ्लैट नंबर 1431 में रहती थी।

### पुराना विवाद चल रहा था

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विजय का झज्जर के डिशोर खेड़ी गांव के रहने वाले ब्रह्म प्रकाश से कोई विवाद था, जो फ्लैट नंबर 1426 में रहता था। कथित तौर पर यह विवाद तब हिंसक हो गया जब ब्रह्म प्रकाश ने विजय, सुनीता और स्वाति पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद, बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

### बेरहमी से किया हमला

हमला इतना बेरहम था कि तीनों पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच, आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद, डीसीपी (पूर्व) मेधा भूषण, डीसीपी (अपराध) नरेंद्र सिंह कादियान, कुंडली पुलिस स्टेशन के एसएचओ और एफएसएल की एक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। डीसीपी (पूर्व) मेधा भूषण ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## जालंधर सेंट्रल से आप विधायक रमन अरोड़ा की मुश्किलें बढ़ी, ईडी ने भेजा नोटिस



जालंधर/यूटर्न/25 मई। जालंधर में आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने एक पुराने भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें नोटिस जारी कर कुछ जरूरी दस्तावेज मांगे हैं। हालांकि, एऊने उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए नहीं कहा है। एऊने विधायक से इस मामले से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकॉर्ड जमा करने को कहा है। राहत की बात यह है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने फिलहाल विधायक को पूछताछ के लिए अपने दफ्तर में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का कोई आदेश नहीं दिया है। सिर्फ कागजी कार्रवाई के तहत रिकॉर्ड मांगे गए हैं। विधायक रमन अरोड़ा पिछले कुछ समय से लगातार विवादों और चचाओं में बने हुए हैं। कुछ समय पहले एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कुछ विवाद खड़ा हो गया था। इस विवाद के बाद पंजाब सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए विधायक रमन अरोड़ा को दी गई पुलिस सुरक्षा को वापस ले लिया था, जिससे सियासी गलियारों में काफी हलचल मच गई थी।

# सेक्टर-45 बुड़ैल में बड़ा धमाका, अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान लगातार 4 सिलेंडर फटे, चार लोग घायल

## रिहायशी इलाके में मची अफरा-तफरी, प्रशासन और फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। चंडीगढ़ के सेक्टर-45 स्थित बुड़ैल इलाके में सोमवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। किला गुरुद्वारा के पास एक मकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडर भरने के दौरान अचानक लगातार चार सिलेंडर धमाके के साथ फट गए। जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनते ही पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मौके पर मौजूद लोगो के अनुसार धमाके इतने तेज थे कि आसपास के मकानों तक कंपन महसूस हुआ। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए लोग भय के साये में रहे।

हादसे में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए सेक्टर-32 अस्पताल रेफर किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू



पाया गया और राहत कार्य चलाकर घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया।

आप नेता शादाब राठी ने आरोप लगाया की घर के अंदर लंबे समय से अवैध तरीके से गैस सिलेंडर रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। लोगों का कहना है कि रिहायशी इलाके में इस तरह का खतरनाक काम कई परिवारों की जान जोखिम में डाल रहा है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों



ने मांग की है कि अवैध गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसे कारोबार पर तुरंत रोक लगाई जाए ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मेयर, दिलजीत दोसांझ और जोन-ए को बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट पर पुलिस-प्रशासन

लुधियाना/यूटर्न/25 मई। लुधियाना नगर निगम के उच्च अधिकारियों को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर के ऑफिस और मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के घर और निगम लुधियाना जोन-ए को बम से उड़ाने की सीधी धमकी दी गई है। यह ईमेल सोमवार सुबह नगर निगम कमिश्नर और अन्य सरकारी आईडी पर भेजा गया है। इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गए। जिसके बाद तुरंत प्रभाव से जोन-ए को खाली करवाया गया। वहीं सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस के साइबर सैल द्वारा ईमेल भेजने वाले की तलाश की जा रही है।

### ईमेल में धमकाने का समय भी दिया

ईमेल आईडी का विषय "B"0mb Blast - Mayor Office Ludhiana!" रखा गया था। ईमेल में धमाकों का समय भी निर्धारित किया गया। दोपहर 1:11 बजे लुधियाना मेयर





पर हमले की धमकी दी गई। इसके साथ ही रात 9:11 बजे दिलजीत दोसांझ के लुधियाना स्थित घर पर धमाके की चेतावनी दी। हमलावरों ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि कोई भी दिलजीत दोसांझ की मदद करेगा, मारा जाएगा।

### 84 के दंगों का दिया हवाला

ईमेल में सन 1984 के सिख दंगों का हवाला देते हुए लिखा कि खून का बदला खून होता है। धमकी देने वालों ने लिखा है कि 6 जून तक बम धमाकों के जरिए निशाना बनाया जाएगा। ईमेल के अंत में इसे 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' की तरफ से भेजा गया बताया गया है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03  मंगलवार, 26 मई 2026



पेज 06 भक्ति का सारः प्रेम, विश्वास और सद्गुणों से ही मिलता...

# राल्सन हाई फ्लायर्स अवार्ड्स के मंच पर 400 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान

## लुधियाना इंडस्ट्री के साथ साथ अब क्वालिटी एजुकेशन हब बन चुका - सांसद सतनाम संधू




















लुधियाना/यूटर्न/25 मई। यूटर्न टाइम अखबार और जनहितैषी न्यूज चैनल की और से सैकेंड हाई फ्लायर्स 2026 अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन पंजाबी भवन में किया गया। इस दौरान पंजाब बोर्ड, आईसीसी और सीबीएसई बोर्ड में टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। फंक्शन में शहर के अलग अलग स्कूलों को इनवाइट किया गया। इस दौरान 37 स्कूलों द्वारा अवॉर्ड फंक्शन में हिस्सा लिया गया। जिनके करीब 275 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। वहीं इसी के साथ 80 टीचर्स और 6 प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया। स्टूडेंट्स के पेरेंट्स भी इस अहम पल का हिस्सा बने। इस दौरान डीफ चिल्ड्रन स्कूल हंबड़ा रोड, डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर, आत्म पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, अमित इंडो कैनेडियन अकादमी, लादिया कलां, बाबा ईशर सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर, बीसीएम स्कूल चंडीगढ़ रोड, बीसीएम स्कूल बसंत एवेन्यू, बीसीएम आर्य इंटरनेशनल स्कूल शास्त्री नगर, बीसीएम आर्य स्कूल ललतों के बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं शहर के सामाजिक और राजनीतिक आगूओं द्वारा भी समारोह में शिरकत की। शिरकत करने वालों में प्रमुख रुप से राज्यसभा मेंबर पंजाब सतनाम सिंह संधू, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, बीजेपी पंजाब के कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, बिक्रम सिंह सिद्धू, पंजाब लोक सेवा आयोग के मेंबर सुनील कपूर समेत अलग अलग पार्टियों के कई सीनियर लीडर शामिल हुए। वहीं इस दौरान रॉल्सन के चेयरमैन संजीव पाहवा, रॉल्सन के वाइस प्रेजिडेंट करणजीत सिंह, सॉलिटियर होम्स के एमडी जश्नप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह कुलार, अवतार सिंह भोगल, रिषी पाहवा, राहुल आहुजा, हिमांशु कवात्रा, केके गर्ग, मोंटीवेशनल स्पीकर अंजलि खुराना, अमन भाटिया, नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंद्र शर्मा, नवनीत जैरथ, वीके गोयल, बॉम्बे मैटल के सुनील विरमानी और गौरव विरमानी समेत उद्योग जगत के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर संबोधन के दौरान सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि लुधियाना कारोबारी शहर है। कारोबारी शहर होने के चलते यहां शिक्षा भी जरुरी है। उन्होंने इस हाई फ्लायर्स शो की प्रशंसा की। उन्होंने इस शो में बच्चों को सिलेक्ट करने को लिए गए कायटेरिया की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हर इंस्टीच्यूट को बच्चों को प्रमोट करने के लिए ऐसे महान कार्य करने चाहिए।

Uturn Time 26 May 2026_Layout 2 26-05-2026 00:04 Page 4



# बिना नंबर प्लेट वाहनों पर पंचकूला पुलिस का बड़ा एक्शन, एक हफ्ते में 1,299 चालान

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/25 मई। हरियाणा पुलिस महानिदेशक के निर्देशों पर पंचकूला पुलिस ने बिना नंबर प्लेट और छेड़छाड़ की गई नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। 18 मई से 24 मई 2026 तक चले इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 4,932 वाहनों की जांच कर 1,299 चालान किए, जबकि 86 वाहनों को इम्पाउंड भी किया गया। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य ऐसे वाहनों पर सख्ती करना था, जिनका इस्तेमाल अपराधी पहचान छुपाने और पुलिस निगरानी से बचने के लिए कर सकते हैं। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, हाईवे, संवेदनशील इलाकों और एंट्री-एग्जिट प्वाइंट्स पर विशेष नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की गई।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 931 मैनुअल चालान किए गए, जबकि 86 वाहनों को नियम उल्लंघन के चलते इम्पाउंड किया गया। इसके अलावा 282 ऑनलाइन चालान भी किए गए। इस तरह कुल 1,299 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।







अभियान की खास बात यह रही कि डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह स्वयं देर रात तक फील्ड में मौजूद रहकर विभिन्न नाकों और चेकिंग प्वाइंट्स का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने पुलिस टीमों को सतर्कता के साथ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से अंजाम दिया।

डीसीपी अमरिंदर सिंह ने कहा कि बिना नंबर प्लेट या फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहन सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। अपराधी अक्सर ऐसे वाहनों का इस्तेमाल अपनी पहचान छुपाने के लिए करते हैं, इसलिए इनके खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस सड़क सुरक्षा और अपराध रोकथाम को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

पंचकूला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों पर वैध और स्पष्ट नंबर प्लेट लगाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## पिंजौर चैन स्नैचिंग केस में तीसरा आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार, छीनी गई सोने की चेन बरामद

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/25 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने पिंजौर क्षेत्र में महिला से चेन झपटने की वारदात को सुलझाते हुए गिरोह के तीसरे सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर छीनी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली है। मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल उर्फ लक्की के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी हत्या के प्रयास, शराब तस्करी और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त रहा है।




एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 12 मई को पिंजौर के सेक्टर-30 क्षेत्र में शाम के समय टहल रही एक महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली थी। महिला अपने पति के साथ सैर कर रही थी, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। मामले में थाना पिंजौर में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर पहले दो आरोपियों अशोक कुमार और नितिन उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वारदात के बाद छीनी गई चेन अपने साथी राहुल उर्फ लक्की को दे दी थी। तकनीकी जांच और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 24 मई को दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके में दबिश देकर राहुल उर्फ लक्की को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने वारदात में अपनी भूमिका स्वीकार की और उसकी निशानदेही पर सोने की चेन बरामद कर ली गई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी राहुल उर्फ लक्की कोई नया अपराधी नहीं है और उसके खिलाफ पहले से कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों अशोक कुमार, नितिन उर्फ मोनू और राहुल उर्फ लक्की को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## शेयर मार्केट और IPO में मुनाफे का झांसा देकर 16 लाख की साइबर ठगी, आठवां आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार

### सरकारी योजनाओं का लालच देकर खुलवाता था बैंक खाते, साइबर फ्रॉड की रकम ट्रांसफर में होता था इस्तेमाल

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/25 मई। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने शेयर मार्केट और आईपीओ में भारी मुनाफे का लालच देकर की गई 16 लाख 30 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आठवें आरोपी रोहित दीप सिंह को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाने का झांसा देकर उनके बैंक खाते खुलवाने और बाद में उन्हीं खातों का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड की रकम ट्रांसफर करने के लिए करने का आरोप है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच देता था। इसके बाद उनके बैंक खाते खुलवाकर उन्हें साइबर ठगी गिरोह के लिए इस्तेमाल करवाया जाता था। इसके बदले आरोपी और उसके साथी कमीशन प्राप्त करते थे।



यह पूरा मामला एक बुजुर्ग व्यक्ति से शेयर मार्केट और आईपीओ में निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर करीब 16 लाख 30 हजार रुपये की ठगी से जुड़ा है। शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप ग्रुप, फर्जी कस्टमर सर्विस लिंक और नकली निवेश एप के जरिए भरोसे में लिया गया। इसके बाद पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवाई गई। जब पीड़ित ने अपनी राशि निकालने की कोशिश की तो उसे सीमित रकम निकालने की बात कही गई, जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ।

इस मामले में 20 नवंबर 2025 को साइबर क्राइम थाना में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम ने कई राज्यों में सक्रिय संदिग्धों की कड़ियों को खंगाला और तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए अब तक कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच एएसआई रविंद्र कुमार द्वारा की जा रही है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक Amarinder Singh ने बताया कि 24 मई को तकनीकी जांच के आधार पर रोहित दीप सिंह को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह खाताधारकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच देकर बैंक खाते खुलवाता था और बाद में इन खातों का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड की रकम ट्रांसफर करने के लिए करवाता था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े कई अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग राज्यों में लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, फर्जी निवेश योजना, शेयर मार्केट में अत्यधिक मुनाफे के लालच, व्हाट्सएप ग्रुप, संदिग्ध लिंक या अनधिकृत मोबाइल एप पर भरोसा न करें। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

## 2027 चुनावों को लेकर भाजपा युवा नेताओं की बैठक आयोजित

लुधियाना/यूटर्न/25 मई। लुधियाना में भाजपा युवा नेता एडवोकेट पारस शर्मा के नेतृत्व में हल्का नॉर्थ क्षेत्र में भाजपा युवा नेताओं की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान वर्ष 2027 के चुनावों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा संगठन को मजबूत करने और युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने संबंधी रणनीतियों पर चर्चा हुई।



बैठक में सभी युवा नेताओं ने भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 मंगलवार, 26 मई 2026



पेज 12 गुलमर्ग केबल कार में तकनीकी खराबी...

# सीएम नायब सैनी खुद पहुंचे पुलिस भर्ती मैदान, युवाओं से मिलकर बढ़ाया हौसला



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज अचानक ताऊ देवी लाल स्टेडियम पहुंच गए, जहां पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक माप परीक्षण (PMT) चल रहा था। सीएम ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, बल्कि अभ्यर्थियों से सीधे बात भी की। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर युवा काफी उत्साहित नजर आए। कई अभ्यर्थियों ने उनके साथ सेल्फी ली, वहीं सीएम ने भी मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया और उनका मनोबल बढ़ाया। सीएम ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और आसान बनाने के लिए सरकार ने खास इंतजाम किए हैं, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने अभ्यर्थियों और उनके परिवार वालों से भी फीडबैक लिया। स्टेडियम में हर दिन करीब 3 हजार उम्मीदवार ढटळ दे रहे हैं। उनके लिए बैठने, आराम करने और बैग रखने जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। अभ्यर्थियों और परिजनों ने मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें भरोसा और हिम्मत मिलती है। इस दौरान उपायुक्त सतपाल शर्मा, डीसीपी सृष्टि गुप्ता समेत कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ज्ञान भारतम मिशन: हरियाणा की विरासत को मिला डिजिटल सहारा

## 27 हजार से ज्यादा पांडुलिपियां अपलोड, कुरुक्षेत्र सबसे आगे



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। हरियाणा अपनी पुरानी धरोहर को संभालने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है, जहां ज्ञान भारतम मिशन के तहत बड़ी संख्या में पांडुलिपियां डिजिटल की जा रही हैं। ज्ञान भारतम मिशन के तहत अब तक 27,587 पांडुलिपियां अपलोड की जा चुकी हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि ये पांडुलिपियां सिर्फ कागज नहीं, बल्कि हमारे पुराने ज्ञान और संस्कृति का खजाना हैं, जिन्हें आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना जरूरी है। सरकार ने सभी विभागों और जिलों को इस काम को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा पुरानी पांडुलिपियां सामने आ सकें। इस काम में कुरुक्षेत्र जिला सबसे आगे है, जहां से 15,818 पांडुलिपियां अपलोड हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से एक बड़ा डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे देश-विदेश के लोग भी भारत की पुरानी जानकारी और संस्कृति को समझ सकेंगे। ज्ञान भारतम मिशन का मकसद है पुरानी पांडुलिपियों को सुरक्षित रखना, उन्हें डिजिटल बनाना और सभी के लिए आसानी से उपलब्ध कराना।

# 'CM के बयान से कोर्ट आदेश नहीं बदलता' आवारा कुत्तों पर भगवंत मान की टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। देशभर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर स्पष्ट किया कि खतरनाक और रेबीज संक्रमित स्ट्रे डॉग्स के मामले में उसका रुख नहीं बदलेगा। पंजाब के मुख्यमंत्री Bhagwant Mann के हालिया बयान को लेकर अदालत में उठे विवाद पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि 'यदि कोई मुख्यमंत्री बयान देता है तो क्या हम अपना आदेश बदल देंगे?' मामला सुप्रीम कोर्ट के 19 मई के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें अदालत ने कहा था कि ऐसे आवारा कुत्ते जो लोगों की जान और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं, उन्हें कानून के दायरे में रहकर हटाया या समाप्त किया जा सकता है। अदालत ने साफ किया था कि यह कार्रवाई योग्य पशु चिकित्सकों की जांच और पशु क्रूरता निवारण कानून के तहत तय नियमों के अनुसार ही होगी।





### सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

तीन सदस्यीय पीठ ने इस आपत्ति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत के आदेश को किसी राजनीतिक बयान से नहीं जोड़ा जा सकता। कोर्ट ने साफ कहा कि यदि आदेश के पालन को लेकर किसी को शिकायत है तो वह संबंधित हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अब इस मामले में आदेशों के पालन की निगरानी देश के विभिन्न हाई कोर्ट करेंगे और शीर्ष अदालत मौखिक उल्लेख के आधार पर दोबारा सुनवाई नहीं करेगी।

### भगवंत मान के बयान पर उठा विवाद

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बयान जारी कर कहा था कि पंजाब सरकार खतरनाक और जानलेवा आवारा कुत्तों के खिलाफ विशेष अभियान चलाएगी। उन्होंने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा था कि बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम जरूरी हैं।

हालांकि, इसी बयान को लेकर एक पक्षकार ने सुप्रीम कोर्ट में आपत्ति जताई। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से कहा कि मुख्यमंत्री का बयान ऐसा संदेश दे रहा है मानो सुप्रीम कोर्ट ने सभी आवारा कुत्तों को मारने की अनुमति दे दी हो।

### *लोगों की सुरक्षा भी संवैधानिक अधिकार: कोर्ट*

*अपने हालिया आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोगों को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण में जीने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिलता है। अदालत ने माना कि सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों के हमले लोगों की सुरक्षा और गरिमा दोनों को प्रभावित करते हैं।*

### *राज्यों से मांगी गई रिपोर्ट*

*अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने, नसबंदी, टीकाकरण और पुनर्वास संबंधी उठाए गए कदमों की रिपोर्ट अगस्त तक संबंधित हाई कोर्ट में दाखिल करें। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में देश के कई हिस्सों में आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया था। सुप्रीम कोर्ट लगातार इस मामले में राज्यों और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी तय करने पर जोर दे रहा है।*

# भक्ति का सार: प्रेम, विश्वास और सद्गुणों से ही मिलता है भगवान












लुधियाना/यूटर्न/25 मई। श्री राम शरणम, श्री राम पार्क, सिविल लाइंस में आयोजित साप्ताहिक अमृतवाणी सत्संग में प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने भक्ति के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान का अस्तित्व भक्ति में उसी प्रकार समाया है जैसे खांड में मिठास और फूल में सुगंध। सच्ची भक्ति भजन, ध्यान, जप और आराधना के साथ-साथ सभी मनुष्यों को अपना बंधु मानकर उनके हित में कार्य करने से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त को एक बार स्वीकार कर लेते हैं तो उसे कभी नहीं त्यागते, और सच्चा भक्त भी ईश्वर से विमुख नहीं होता। भक्ति तभी पूर्ण होती है जब व्यक्ति ईर्ष्या, द्वेष और वैर भाव से दूर रहकर प्रेम और एकता का मार्ग अपनाता है।

पारिवारिक संबंधों का ईमानदारी से निर्वहन करना भी सच्ची भक्ति का महत्वपूर्ण आधार है। 'भक्तिप्रकाश' के उदाहरण से उन्होंने समझाया कि केवल बाहरी सजावट नहीं, बल्कि गुण ही व्यक्ति की पहचान बनाते हैं। गुणी लोगों की संगति से ही व्यक्ति महान बनता है। अंत में उन्होंने संदेश दिया कि पवित्र हृदय, प्रेममय व्यवहार और दूसरों के सुख में सहभागी बनना ही भक्ति का सर्वोच्च आदर्श है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या Husband या Wife दूसरे के Phone की जांच कर सकते हैं?**

वैवाहिक विवादों में अक्सर एक पक्ष दूसरे का mobile phone चेक करने लगता है—messages, calls, emails या social media accounts देखने की कोशिश की जाती है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष समझना जरूरी है।

विवाह के बाद भी प्रत्येक व्यक्ति को privacy (निजता) का अधिकार प्राप्त रहता है। केवल पति या पत्नी होने के कारण किसी के स्त्रीrsonal data पर पूर्ण अधिकार नहीं मिल जाता।

यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति दूसरे का phone access करता है, password तोड़ता है, chats copy करता है, या private accounts में unauthorized entry करता है, तो यह privacy violation और कुछ परिस्थितियों में cyber law issues का विषय बन सकता है।

हालांकि, वैवाहिक मामलों में कई बार mobile data, chats या call records अदालत में evidence के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं। लेकिन यह अलग प्रश्न है कि वह जानकारी किस तरीके से प्राप्त की गई और उसकी कानूनी स्वीकार्यता क्या है। Courts सामान्यत: यह संतुलन बनाने की कोशिश करती हैं कि एक ओर evidence की जरूरत है और दूसरी ओर व्यक्ति की privacy भी सुरक्षित रहे। कई लोग संदेह या गुस्से में ऐसे कदम उठा लेते हैं, जो बाद में स्वयं उनके खिलाफ कानूनी विवाद पैदा कर देते हैं।

निष्कर्ष: विवाह के बाद भी privacy का अधिकार बना रहता है। किसी के phone या स्त्रीrsonal data को बिना अनुमति access करना कानूनी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है, इसलिए ऐसे मामलों में सावधानी और कानूनी समझ आवश्यक है।

## रूह से रूबरू


चारू नागपाल



## तेल के दाम बढ़ने से महंगाई डायन मार खाएगी

आज के समय में पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम आम जनता के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। तेल के दाम बढ़ने का सीधा असर हर चीज की कीमत पर पड़ता है। जब पेट्रोल और डीजल महंगे होते हैं, तब यातायात का खर्च बढ़ जाता है। इसका प्रभाव फल, सब्जी, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर भी दिखाई देता है।

इसी कारण लोग कहते हैं कि महंगाई डायन मार खाएगी। महंगाई बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। लोगों की आमदनी सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। घर का बजट बिगड़ जाता है और बचत करना कठिन हो जाता है। स्कूल फीस, बिजली बिल, गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की चीजें सब महंगी हो जाती हैं। तेल के दाम बढ़ने से उद्योगों पर भी असर पड़ता है। फैक्ट्रियों में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं की कीमतें और अधिक बढ़ जाती हैं। जिस तरह दुनिया में आर्थिक तूफान सा आया हुआ है सरकार को चाहिए कि वह तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाए तथा जनता को राहत दे इसके लिए करोना समय जैसे कड़े नियम लगाकर भी तेल की बचत की जा सकती है। अंत में कहा जा सकता है कि तेल के बढ़ते दाम महंगाई को बढ़ावा देते हैं और आम आदमी का जीवन कठिन बना देते हैं। इसलिए इस समस्या का समाधान बहुत आवश्यक है।

## श्री भागवत सेवा परिवार कथाओं के माध्यम से विश्व को जोड़ रहा सनातन संस्कृति से : रविन्द्र गुप्ता











लुधियाना/यूटर्न/25 मई। श्री भागवत सेवा परिवार की ओर से इंडोनेशिया के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बाली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति को विश्वभर में पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। कथा की शुरूआत मुख्य यजमान संजय जैन स्काईवे एवं सीमा जैन ने पूजन के साथ की। इसके बाद कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को प्रेम, सेवा, संस्कार और भक्ति से जोड ` का दिव्य माध्यम है। जहां भगवान का नाम गूंजता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने राजा परीक्षित और शुकदेव जी के संवाद, भक्तियोग, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंगों का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कथा स्थल पर राधे-राधे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सोविनर एक्सपोर्ट के रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि श्री भागवत सेवा परिवार विदेशों में कथा आयोजन कर भारतीय संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि श्री भागवत सेवा परिवार का उद्देश्य कथाओं के माध्यम से विश्वभर में सनातन संस्कृति, भारतीय अध्यात्म और मानवता का संदेश पहुंचाना है।

# मेहफिल-ए-खास: कला, संगीत और एलीगेंस से सजी यादगार शाम








लुधियाना/यूटर्न/25 मई। FICCI FLO लुधियाना ने चेयरपर्सन ऐशनी सेठी और कोर कमेटी 2026-27 के नेतृत्व में 'मेहफिल-ए-खास' नामक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन महाराजा रीजेंसी में किया। इस खास शाम में कला, संगीत, स्टाइल और नेटवर्किंग का शानदार संगम देखने को मिला, जिसने शहर के एंटरप्रेन्योर्स और सोशलाइट्स को एक मंच पर जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान ऐशनी सेठी ने 'रंगला पंजाब 2.0' की रूपरेखा साझा की, जिसे अनामिका घई के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पहल को उपस्थित मेहमानों ने खूब सराहा। समर्पित बैंड की मधुर संगीत प्रस्तुति, शानदार माहौल और प्रीमियम आतिथ्य ने शाम को और भी खास बना दिया। इवेंट के डे चेयर्स मोनिका आर्या, अमन संधू और चेतना गुप्ता की मेहनत ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, लग्जरी लकी ड्रॉ में तीन विजेताओं को डिजाइनर गिफ्ट्स दिए गए, जिसने उत्साह को और बढ़ा दिया। यह आयोजन FICCI FLO लुधियाना की संस्कृति, नेटवर्किंग और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संगीत, हंसी और यादगार पलों के साथ यह शाम शानदार सफलता के साथ संपन्न हुई।

## CICU ने अग्रिम बिजली बिल भुगतान पर ब्याज दर 7.5% से बढ़ाकर 10% करने की मांग की

लुधियाना/यूटर्न/25 मई। चेंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (PSPCL) और पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (PSERC) से अग्रिम बिजली बिल भुगतान पर प्रस्तावित 7.5 प्रतिशत ब्याज दर को बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि मौजूदा दर उद्योगों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं है, खासकर मौजूदा आर्थिक चुनौतियों के बीच। PSPCL के चीफ इंजीनियर (कमर्शियल), पटियाला को दिए गए प्रतिनिधित्व में CICU ने कहा कि MSMEs सहित औद्योगिक क्षेत्र बढ़ती उत्पादन लागत, उच्च ब्याज दरों, नकदी प्रवाह की कमी और बाजार में अनिश्चितता जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में उद्योगों के लिए अपनी कार्यशील पूंजी को अग्रिम बिजली बिलों में लगाना आसान नहीं है। CICU अध्यक्ष श. उपकार सिंह आहुजा ने कहा कि 7.5 प्रतिशत ब्याज दर उद्योगों के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं देती, जबकि 10 प्रतिशत की दर अधिक आकर्षक होगी और अधिक उद्योग स्वेच्छा से अग्रिम भुगतान के लिए आगे आएंगे। इससे PSPCL की राजस्व वसूली और कैश फ्लो में सुधार होगा तथा यह उद्योग और बिजली विभाग दोनों के लिए लाभकारी स्थिति होगी। चेंबर ने उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर पंजाब के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देंगे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल, पक्खोवाल रोड में 'बुक मेनिया 2026-27' का भव्य उद्घाटन




लुधियाना/यूटर्न/25 मई। डीएवी पब्लिक स्कूल, पक्खोवाल रोड, लुधियाना में 'बुक मेनिया 2026-27' का उद्घाटन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। यह चार दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी 25 से 28 मई 2026 तक आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों, अभिभावकों और आगंतुकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न विषयों एवं विधाओं की पुस्तकों के विशाल संग्रह का अवलोकन किया। आकर्षक पुस्तक प्रदर्शन ने जिज्ञासा और उत्साह का वातावरण बनाया, जिससे युवा पाठकों को पढ़ने की आदत विकसित करने की प्रेरणा मिली।

प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करमजीत सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के स्कूल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान, कल्पना और बुद्धिमत्ता का द्वार हैं तथा विद्यार्थियों को पढ़ने को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

शैक्षणिक पर्यवेक्षक श्रीमती जयदीप कौर ने बताया कि ऐसी प्रदर्शनियाँ नियमित रूप से, विशेषकर पीटीएम सत्रों के दौरान, आयोजित की जाती हैं ताकि अभिभावक अपने बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को सहपाठियों के साथ पुस्तकें साझा करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे सहयोगात्मक अधिगम और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

प्रधानाचार्य डॉ. सतवंत कौर भुल्लर ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान और रचनात्मकता का खजाना हैं। अच्छी पुस्तकें पढ़ने से न केवल मन का पोषण होता है बल्कि दृष्टिकोण भी व्यापक बनता है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है।

यह पुस्तक प्रदर्शनी विद्यार्थियों में पठन कौशल विकसित करने और पुस्तकों के प्रति आजीवन प्रेम जगाने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है।

Uturn Time 26 May 2026_Layout 2 26-05-2026 00:04 Page 8



# सफाईकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए मेयर सौरभ जोशी ने संभाली कमान

## लायंस के सफाईकर्मियों और प्रतिनिधियों संग लंबी बैठक, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश







चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। शहर में सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने और सफाईकर्मियों की समस्याओं के समाधान को लेकर शहर के मेयर सौरभ जोशी ने अहम पहल करते हुए लायंस के सफाईकर्मियों तथा उनके प्रतिनिधियों राजेश कालिया और विनोद के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में सफाईकर्मियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, कार्य परिस्थितियों और उनकी लंबित मांगों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

मेयर सौरभ जोशी ने बैठक के दौरान सफाईकर्मियों की समस्याओं को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारियों की शिकायतों और मांगों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी शहर की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके हितों की रक्षा करना नगर निगम की जिम्मेदारी है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों के कल्याण, बेहतर कार्य वातावरण और सौहार्दपूर्ण नागरिक प्रशासन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मेयर ने भरोसा दिलाया कि सफाईकर्मियों से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा और भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। बैठक के दौरान सफाईकर्मियों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा। प्रतिनिधियों ने मेयर के सकारात्मक रवैये, संवेदनशील सोच और त्वरित पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि नगर निगम प्रशासन जल्द ही जमीनी स्तर पर राहत प्रदान करेगा।

इस बैठक को नगर निगम और सफाईकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय तथा कर्मचारियों के हितों को लेकर एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सेक्टर-9 के ठेके पर 'शराब का लंगर' बना कानूनी मुसीबत, VIDEO वायरल होते ही पुलिस ने संचालक को दबोचा

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। चंडीगढ़ के पॉश सेक्टर-9 में शराब परोसने का अनोखा और विवादित तरीका अब ठेका संचालक पर भारी पड़ गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस और एक्साइज विभाग को हरकत में ला दिया, जिसके बाद ठेका संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामला सेक्टर-9 स्थित 'लिकर वर्ल्ड' ठेके का है, जहां कथित तौर पर आइस रोल्स और बर्फ के गोलों में फ्लेवर्ड वोडका मिलाकर लोगों को खुलेआम परोसा जा रहा था। पुलिस के अनुसार, 24 मई को पंजाब एक्साइज एक्ट 1914 और बीएनएस की धारा 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में आरोपी की पहचान राजेश सचदेवा (53), निवासी गांव सक्तरी, पंचकूला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लॉकअप में भेज दिया है।

## VIDEO वायरल होते ही मचा हड़कंप

पूरा मामला तब सामने आया जब 23 मई को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में सेक्टर-9 मार्केट स्थित ठेके के बाहर भारी भीड़ दिखाई दी, जहां लोगों को आइस रोल्स और बर्फ के गोलों पर शराब डालकर सर्व किया जा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद शहरभर में इस 'शराब लंगर' की चर्चा शुरू हो गई।

## आइस रोल्स में मिलाई जा रही थी फ्लेवर्ड वोडका

पुलिस की स्पॉट वेरिफिकेशन और शुरूआती जांच में सामने आया कि स्मरनॉफ मिंटी जामुन फ्लेवर्ड वोडका को आइस रोल्स में मिलाकर लोगों को परोसा जा रहा था। जांच एजेंसियों को यह भी पता चला है कि इस कथित प्रमोशनल एक्टिविटी में एक निजी कंपनी की भी भूमिका हो सकती है। पुलिस अब यह खंगाल रही है कि आयोजन की अनुमति ली गई थी या नहीं और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता थी।

## सोशल मीडिया पर दो हिस्सों में बंटे लोग

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। एक वर्ग ने इसे युवाओं को शराब की ओर आकर्षित करने वाला खतरनाक ट्रेंड बताया, जबकि कुछ लोगों ने इसे केवल प्रचार और मनोरंजन का हिस्सा करार दिया। हालांकि सार्वजनिक जगह पर इस तरह शराब परोसने को लेकर कई लोगों ने कानून व्यवस्था और सामाजिक प्रभावों पर सवाल उठाए।

## पुलिस जांच जारी

फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो, मौके से जुटाए गए सबूत और संबंधित लोगों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस आयोजन में और कौन-कौन शामिल था।

# वार्ड-26 में तीन नए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

## पार्षद कुलदीप कुमार बोले- लोगों की बुनियादी सुविधाएं पूरी करना ही असली विकास



चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। वार्ड नंबर-26 में सार्वजनिक सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में क्षेत्र के पार्षद कुलदीप कुमार ने रविवार को तीन नए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह शौचालय पाम पार्क, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी सेक्टर-38 वेस्ट तथा मकान नंबर 2270 के पास बनाए जाएंगे।

इस मौके पर पार्षद कुलदीप कुमार ने कहा कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना ही वास्तविक विकास है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को अब पूरा किया जा रहा है, जिससे खासतौर पर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-26 के विकास और जनकल्याण के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में भी लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई जनहित परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासी नरेंद्र पाल राणा, गुगन राम और रणबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# कॉमेडियन कपिल शर्मा के घर पर फायरिंग का दावा, पुलिस ने किया इनकार



अमृतसर/यूटर्न/25 मई। कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के अमृतसर स्थित घर के बाहर सोमवार को फायरिंग होने की खबर आई। कपिल के परिवार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि हमलावर बाइक पर आए और 2 राउंड फायरिंग करके भाग गए। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। एसीपी कमलजीत सिंह औलख ने कहा- गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। अमृतसर के पॉश इलाके हॉली सिटी में कपिल शर्मा का घर है। पुलिस ने इलाके को सील कर दिया। आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए। घर और आसपास के वीआईपी घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया। इस घर में कपिल के बहन और जीजा रहते हैं, जबकि कपिल शर्मा फिलहाल परिवार के साथ मुंबई में हैं। इससे पहले उनके कनाडा में स्थित कैफे पर 3 बार फायरिंग हुई थी।

## अफवाह पर ध्यान न दें

अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि फायरिंग की घटना को लेकर कुछ गैर-जिम्मेदार लोग अफवाहें फैला रहे हैं। सभी से अपील है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सोर्स से जारी सही जानकारी पर ही भरोसा करें।

# दफ्तरी समय में बदलाव : सुबह 7:25 बजे दफ्तर पहुंचे डिप्टी कमिश्नर

## जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार समय की पाबंदी बनाए रखने की ताकीद



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/25 मई। पंजाब सरकार द्वारा मौजूदा समय में पड़ रही गर्मी के मद्देनजर सोमवार से दफ्तरों के बदले गए समय के अनुसार डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन और जिला प्रशासन के समूह अधिकारियों ने आज सुबह साढ़े 7 बजे अपने दफ्तरी कामों की शुरूआत की।

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जिल प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दफ्तरों के बदले समय के अनुसार आज की तरह रोजाना सुबह समय की पाबंदी बनाए रखते हुए अपने-अपने दफ्तरों में पहुंचने की ताकीद की, ताकि लोगों को नागरिक सेवाओं और अन्य सुविधाएं हासिल करने में कोई दिक्कत पेश न आए। डिप्टी कमिश्नर ने अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर निधि कुमद बंबाह को निर्देश दिए कि जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स और अन्य जगहों पर स्थित सरकारी दफ्तरों में प्रशासनिक और लोगों के हितों के मद्देनजर समय की पाबंदी को हर हाल में बनाए रखा जाए। सोमवार सुबह अपने दफ्तर में 7:25 बजे पहुंची डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने सुविधा केंद्र और अन्य दफ्तरों में अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी की जानकारी लेते हुए कहा कि लोगों को अपने कामों के लिए किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि सभी दफ्तरों के संबंधित अधिकारियों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि पंजाब सरकार की निर्देशों के मुताबिक बदले समय के अनुसार अपनी मौजूदगी सुनिश्चित बनाई जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को जरूरी सेवाएं पहले की तरह तय समय में उपलब्ध होंगी और दफ्तरों का स्टाफ सुबह साढ़े 7 बजे अपनी सीटों पर मौजूद रहेगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार से दफ़्तरी समय सुबह 7:30 वजे से दोपहर 1:30 वजे तक रहेगा।

# पंजाब निकाय चुनाव से पहले 60 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी, बॉर्डर फेंसिंग के पार पाकिस्तान से आई 10 किलो हेरोइन जब्त



पंजाब/यूटर्न/25 मई। पंजाब में निकाय चुनाव से एक दिन पहले 50 करोड़ की हेरोइन बरामद की गई है। फाजिल्का के जलालाबाद में पुलिस ने भारत-पाकिस्तान के पार करोड़ों रुपए की ड्रग्स बरामद की है। एसएसपी गगन अजीत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि तारबंदी के उस पार खेती करने गए किसान ने पुलिस और बीएसएफ को सूचित किया कि खेत में संदिग्ध वस्तु पड़ी है। इसके बाद पुलिस और बीएसएफ मौके पर पहुंच करीब 20 पैकेट में बंद 10 किलो 950 ग्राम हेरोइन बरामद की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है। एसएसपी गगन अजीत सिंह ने बताया कि तारबंदी के उस पार किसान के खेत से ये बरामदगी हुई है, जिस पर पुलिस को सूचना देने वाले किसान को भी सम्मानित किया जाएगा।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

फिलहाल मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। कि आखिरकार हेरोइन की यह खेप पाकिस्तान से कैसे आई और भारत में किसने इसे मंगवाया था। इसके लिए टेक्निकल विंग का सहारा लेते हुए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। एसएसपी ने कहा कि नगर काउंसिल चुनाव है ऐसे में चुनावों में समय में भी ऐसी हरकत हो सकती है।

# जेजो से माहिलपुर रोड और नंगल से गढ़शंकर रोड पर खनन सामग्री ले जाने वाले टिपर/ट्रकों को केवल शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक आवागमन की अनुमति देने के आदेश जारी किए

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/25 मई। जिला मजिस्ट्रेट आशिका जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले के गांव जेजो से माहिलपुर रोड और नंगल से गढ़शंकर रोड पर खनन सामग्री ले जाने वाले टिपर/ट्रकों को केवल शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक आवागमन की अनुमति देने के आदेश जारी किए हैं और इस समय के अलावा इन सड़कों पर खनन सामग्री ले जाने वाले टिपर/ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगी रहेगी।

जारी आदेशों के अनुसार जिला प्रशासन के ध्यान में आया है कि हुशियारपुर जिले में पड़ने वाली माहिलपुर रोड और नंगल से गढ़शंकर रोड पर खनन सामग्री ले जाने वाले टिपर/ट्रकों के कारण सड़कों पर दुर्घटनाएँ हो रही हैं जिनके परिणामस्वरूप मानवीय और संपत्ति का नुकसान हो रहा है। सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देते हुए इन सड़कों पर खनन सामग्री ले जाने वाले टिपर/ट्रकों के आवागमन को समयबद्ध तरीके से नियंत्रित करने की आवश्यकता है। उप- पुलिस कप्तान, गढ़शंकर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप यह सुनिश्चित करेंगे कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा टिपर/ट्रकों की ओवरस्पीड की जांच की जाए। रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, हुशियारपुर इन आदेशों के समक्ष ओवरलोडिंग तथा अन्य नियमों के उल्लंघन से संबंधित चेकिंग और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। कार्यकारी अभियंता, ड्रेनेज-कम-ज़िला माइनिंग अधिकारी, हुशियारपुर अंतरराज्यीय चेकपोस्टों पर 24x7 निगरानी सुनिश्चित करेंगे तथा चेकपोस्ट पर भार तौलने वाले उपकरणों (क्वाड्रैंट/कांटा) का उपयोग कर ओवरलोडेड टिपरों की जाँच और उन पर कार्रवाई लागू करेंगे। ये आदेश 20 जुलाई 2026 तक लागू रहेंगे।

- कार्यकारी अभियंता, ड्रेनेज-कम-ज़िला माइनिंग अधिकारी, हुशियारपुर अंतरराज्यीय चेकपोस्टों पर 24x7 निगरानी सुनिश्चित करेंगे



# कार से अगवा कर इंश्योरेंस एजेंट से लूट, जान बचाने चलती गाड़ी से कूदा

खन्ना/यूटर्न/25 मई। खन्ना में एक इंश्योरेंस एजेंट को बदमाशों ने कार में बिठाकर अगवा करके मारपीट की और उसकी चेन छीन ली। जान बचाने के लिए पीड़ित को चलती कार से छलांग लगानी पड़ी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घायल युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित नितिश गोयल ने बताया कि वह एक इंश्योरेंस कंपनी में एजेंट के तौर पर काम करता है। उसे किसी व्यक्ति ने गाड़ी का इंश्योरेंस कराने के बहाने समराला रोड स्थित खाटू धाम के पास बुलाया था। नितिश अपनी बाइक पर वहां पहुंचा, जहां एक कार में सवार दो युवक आए और बातचीत के बहाने उसे कार की अगली सीट पर बैठा लिया। नितिश के अनुसार, कुछ दूरी पर ले जाते ही आरोपियों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बदमाशों ने उसके गले से चेन छीन ली और मारपीट शुरू कर दी। नितिश ने शोर मचाया और खुद को बचाने की कोशिश की। हाथापाई के दौरान उसकी टांग कार के स्टीयरिंग पर लगी, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और खिड़की खुल गई। सदर थाना के एसएचओ संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली है। आरोपियों की तलाश जारी है।



# पूर्व सांसद राजमहिंदर सिंह मजीठिया आप में शामिल, सीएम मान ने किया स्वागत



पंजाब/यूटर्न/25 मई। पंजाब की सियासत में सोमवार को राजमहिन्द्र सिंह मजीठिया, पूर्व आरटीआई कमिश्नर हेमइंद्र सिंह मजीठिया और चीफ खालसा दीवान के सदस्य सुखदीप सिंह मजीठिया आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी नेतृत्व ने इसे पंजाब में संगठन के लिए बड़ा और अहम विस्तार बताया। सीएम भगवंत मान ने शामिल होने वाले नेताओं को सम्मानित किया। आप की ओर से कहा गया कि पंजाब के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ी इन प्रमुख हस्तियों के जुड़ने से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। बताया गया कि सभी नेताओं ने पार्टी की लोक-पक्षीय नीतियों से प्रभावित होकर ह्यआपह्न परिवार का दामन थामा। पार्टी नेतृत्व ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि अनुभवी और पंजाब की बेहतरी सोचने वाले नेताओं के साथ ह्नरंगला पंजाबह्न के विजन को और मजबूती मिलेगी। चीफ खालसा दीवान से जुड़े इन नेताओं के पार्टी में शामिल होने को मालवा और सिख संस्थागत राजनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। अअढ नेतृत्व ने कहा कि पंजाब की तरक्की और खुशहाली के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है और अनुभवी लोगों के साथ से विकास एजेंडे को आगे बढ़ाया जाएगा।

# दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को भीषण गर्मी के बीच अउ हेलमेट और कूलिंग गैजेट मिले; क्या लुधियाना ट्रैफिक पुलिस को भी जल्द मिलेंगे?

चंडीगढ़/यूटर्न/25 मई। दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने के साथ ही, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत, व्यस्त चौराहों पर लंबे समय तक तैनात रहने वाले कर्मियों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए पहनने लायक कूलिंग डिवाइस, जिनमें सोलर-असिस्टेड एसी हेलमेट भी शामिल हैं, तैनात किए गए हैं। इस पहल के तहत, तीन मूर्ति गोलचक्कर और अन्य प्रमुख चौराहों जैसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले पॉइंट्स पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों को खास कूलिंग हेलमेट, पोर्टेबल पंखे और इमरजेंसी हाइड्रेशन सपोर्ट दिए गए हैं। अधिकारी दिल्ली और आस-पास के इलाकों में चल रही भीषण लू की स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह पायलट प्रोजेक्ट गर्मी से बचाव की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। इसका मकसद उन कर्मियों में हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करना है जो लंबे समय तक सीधे धूप में ट्रैफिक संभालते हैं।



### मेट्रो शहरों में शुरू किया जा सकता

इसकी सफलता की रिपोर्ट आने के बाद, इसे मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लुधियाना, हैदराबाद, अहमदाबाद जैसे अन्य बड़े मेट्रो शहरों में भी शुरू किया जा सकता है। इस पहल की मुख्य खासियत नया पेश किया गया कूलिंग हेलमेट है, जिसमें बैटरी से चलने वाला तापमान-नियंत्रण सिस्टम लगा है। पुलिस लॉजिस्टिक्स यूनिट द्वारा साझा की गई तकनीकी जानकारी के अनुसार, यह हेलमेट बाहरी वातावरण की तुलना में सिर के आस-पास के तापमान को 8 से 12 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में सक्षम है।

### कई उपकरण दिए गए

पुलिस ने बताया कि सिर शरीर के सबसे ज्यादा गर्मी-संवेदनशील हिस्सों में से एक है, खासकर उन कर्मियों के लिए जो वर्दी और सुरक्षा गियर पहनते हैं, जिससे गर्मियों के चरम मौसम में हवा का आना-जाना सीमित हो जाता है। इसलिए, कूलिंग हेलमेट को बाहर लंबे समय तक तैनाती के दौरान खास राहत देने के लिए डिजाइन किया गया है। हेलमेट के अलावा, ट्रैफिक कर्मियों को ट्रैफिक बूथों और गोलचक्करों पर गर्मी के तनाव को कम करने में मदद के लिए बैटरी से चलने वाले हाथ वाले पंखे, कॉलर पंखे और पोर्टेबल टेबल वेंटिलेटर भी दिए गए हैं।

### मेडिकल और हाइड्रेशन सपोर्ट भी मजबूत

इस ट्रायल प्रोग्राम के तहत मेडिकल और हाइड्रेशन सपोर्ट को भी मजबूत किया गया है। अधिकारी ने बताया कि फील्ड स्टाफ में डिहाइड्रेशन और थकान को रोकने के लिए तय ट्रैफिक पॉइंट्स पर ठंडा पीने का पानी और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा, कई ट्रैफिक चौराहों पर अस्थायी टिन के शेड लगाए गए हैं। ये कर्मियों को छाया देते हैं और खराब मौसम के दौरान अचानक आने वाले धूल भरे तूफानों और बिजली से जुड़े संभावित खतरों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

# सनमती विमल जैन स्कूल में 'स्टूडेंट काउंसिल' का गठन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/25/मई। सनमती विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगरांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'स्टूडेंट काउंसिल' (छात्र परिषद) का शानदार गठन किया गया। यह पूरी प्रक्रिया स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना के कुशल और सूझबूझ भरे नेतृत्व में संपन्न हुई। इस नवनिर्वाचित काउंसिल में कुल 34 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है, जिनका मुख्य उद्देश्य स्कूल में अनुशासन व्यवस्था को मजबूत करना और छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है।

इस बार काउंसिल में इमरानजोत सिंह राय को 'हेड बॉय' और तरनप्रीत कौर को 'हेड गर्ल' चुना गया है। इसके अलावा, स्कूल के अनुशासन विभाग के प्रमुख के रूप में सरबजीत सिंह धालीवाल और चारों सदनों (हाउसेज) के अध्यक्ष के रूप में सनी पासी को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

चारों सदनों (Houses) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची: स्कूल के चारों प्रमुख सदनों के इंचार्ज और छात्र प्रतिनिधियों की घोषणा भी की गई, जो इस प्रकार है:

1. गैलेक्सी हाउस (Galaxy House)

हेड इंचार्ज: मलकित कौर। असिस्टेंट इंचार्ज: परमिंदर कौर बावा

असिस्टेंट हेड बॉय: इंदरजोत सिंह। असिस्टेंट हेड गर्ल: सिमरत कौर

कैप्टन (बॉय): तनवीर सिंह। वाइस कैप्टन (बॉय): जसकरन सिंह

कैप्टन (गर्ल): गुरलीन कौर। वाइस कैप्टन (गर्ल): गुरनूर कौर

प्रिफेक्ट (बॉय): तनीषा अरोड़ा। प्रिफेक्ट

## इमरानजोत सिंह हेड बॉय और तरनप्रीत कौर बनीं हेड गर्ल



(गर्ल): जसमीत कौर

2. रेनबो हाउस (Rainbow House)

हेड इंचार्ज: कुलदीप कौर | असिस्टेंट इंचार्ज: प्रभजोत कौर

असिस्टेंट हेड Boy: चिराग मल्होत्रा | असिस्टेंट हेड गर्ल: आरती

कैप्टन (बॉय): चरणजीत सिंह | वाइस कैप्टन (बॉय): हरशदीप सिंह

कैप्टन (गर्ल): जशनप्रीत कौर। वाइस कैप्टन (गर्ल): वंशिका

प्रिफेक्ट (बॉय): नवराज सिंह। प्रिफेक्ट (गर्ल): सुखमनप्रीत कौर

3. शाइनिंग स्टार हाउस (Shining Star House)

हेड इंचार्ज: नरिंदर कौर असिस्टेंट इंचार्ज: आशिमा गुप्ता

असिस्टेंट हेड बॉय: नवदीप सिंहे असिस्टेंट हेड गर्ल: सहजलीन कौर

कैप्टन (बॉय): ब्रह्मजोत सिंहे वाइस कैप्टन (बॉय): दुपिंदर सिंह

कैप्टन (गर्ल): सुखमनप्रीत कौर वाइस कैप्टन (गर्ल): मुस्कान जोत कौर

प्रिफेक्ट (बॉय): कुलदीप सिंह प्रिफेक्ट (गर्ल): प्रियांशी

4. वीनस हाउस (Venus House)

हेड इंचार्ज: अनीता शर्मा असिस्टेंट इंचार्ज: नीरू विज्ज

असिस्टेंट हेड बॉय: मनवीर सिंहे असिस्टेंट हेड गर्ल: हर्षिता

कैप्टन (बॉय): युवराज सिंह वाइस कैप्टन (बॉय): दीपांशु मोरिया

कैप्टन (गर्ल): एकमजोत कौर वाइस कैप्टन (गर्ल): इश्वप्रीत कौर

प्रिफेक्ट (बॉय): हरमनजीत सिंहे प्रिफेक्ट (गर्ल): पवन कौर उप्पल

मैनेजमेंट ने बढ़ाया हौसला, मुंह मीठा कराकर दी बधाई

छात्र परिषद के गठन के इस विशेष अवसर पर स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रमेश जैन, सेक्रेटरी महावीर जैन और प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने सभी चयनित बच्चों का मुंह मीठा करवाया। उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

# सांसद अतुल गर्ग ने किया खेलो चंडीगढ़ गेम्स 2026 का भव्य शुभारंभ, 2000 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग




चंडीगढ़ /यूटर्न/25 मई। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित ह्णखेलो चंडीगढ़ गेम्स 2026ह्न का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ आज पंजाब यूनिवर्सिटी के जिम्नेजियम हाल, सेक्टर-14 में चंडीगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे परिसर में देशभक्ति, खेल भावना और युवाओं के जोश का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान खेल भावना एवं ऊर्जा के प्रतीक स्वरूप मशाल प्रज्वलित कर 'खेलो चंडीगढ़ गेम्स 2026' का विधिवत उद्घाटन किया गया। मशाल प्रज्वलन के साथ ही पूरे सभागार में उत्साह, जोश और तालियों की गूंज सुनाई दी, जिसने खिलाड़ियों एवं उपस्थित युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

इस गरिमामयी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर रेनू विग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन तथा मेयर चंडीगढ़ सौरभ जोशी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, संजीव राणा, खेल प्रकोष्ठ के संयोजक प्रभजीत लाम्बा, शक्ति प्रकाश देवशाली, मीडिया प्रभारी भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश रवि रावत सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संदेश दिया।

# डीए और पुरानी पेंशन के लिए बिजली कर्मचारियों का हल्ला बोल

## मांगें न मानीं तो 16-17 जून को पंजाब में 'ब्लैकआउट' की चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/25/मई। पंजाब सरकार द्वारा डीए (महंगाई भत्ता) का बकाया न देने और पुरानी पेंशन योजना (OPS) को पूरी तरह लागू न करने के विरोध में आज बिजली कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। 'टेक्निकल सर्विस यूनियन' के नेतृत्व में आज जगरांव डिवीजन में पंजाब सरकार के खिलाफ एक विशाल और उग्र रोष प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारी नेताओं ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी जायज मांगें जल्द पूरी नहीं कीं, तो 16 और 17 जून को पूरे पंजाब में दो दिवसीय मुकम्मल हड़ताल की जाएगी, जिससे राज्य की बिजली व्यवस्था ठप हो सकती है।




**प्रमुख मांगें:** यूनियन के जोनल प्रधान सुखविंदर सिंह काका और जगरांव डिवीजन के प्रधान अवतार सिंह कलेर ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सरकार के सामने निम्नलिखित मांगें रखीं:

**18% डीए और बकाया:** कर्मचारियों का रुका हुआ 18 प्रतिशत महंगाई भत्ता (DA) और उसका बकाया तुरंत जारी किया जाए।

**पुरानी पेंशन योजना (OPS):** साल 2004 के बाद भर्ती हुए सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को अमली जामा पहनाया जाए।

**पंजाब वेतन आयोग लागू हो:** 17 जुलाई 2020 के बाद भर्ती कर्मचारियों पर केंद्रीय वेतनमान थोपने का फैसला रद्द हो और उन्हें पंजाब सरकार के वेतन आयोग के अनुसार स्केल मिले।

**भत्ते बहाल हों:** रैशनलाइजेशन के नाम पर बंद किए गए 37 किस्म के भत्ते और 'ग्रामीण भत्ता' (रूरल अलाउंस) तुरंत बहाल किए जाएं।

**7वां वेतन आयोग:** 1 जनवरी 2026 से सातवें वेतन आयोग का गठन करके नया वेतन जारी किया जाए।

**आंदोलन की रूपरेखा:** काले झंडे से लेकर सीएम आवास के घेराव तक यूनियन ने सरकार को घेरने के लिए अपने आगामी तीखे संघर्ष का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है:

**1 जून से:** बिजली मंत्री, सीएमडी और पीएसपीसीएल के डायरेक्टर्स के फील्ड दौरों के दौरान काले झंडे दिखाकर विरोध जताया जाएगा।

**7 जून:** मुख्यमंत्री भगवंत मान के संगरूर स्थित आवास के सामने एक विशाल राज्य-स्तरीय रोष धरना दिया जाएगा।

**16 और 17 जून:** पंजाब भर में दो दिनों की पूर्ण हड़ताल की जाएगी। नेताओं ने साफ किया कि इस हड़ताल से जनता को होने वाली परेशानी की पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी।

**प्रदर्शन में ये रहे मौजूद:** इस रोष प्रदर्शन में कर्मचारी एकजुटता दिखाने के लिए भारी संख्या में पहुंचे। मुख्य रूप से भूपिंदर सिंह सेखों, परमजीत सिंह चीमा, कुलदीप सिंह मलक, दलजीत सिंह (JE), सुखचैन सिंह (JE), मनप्रीत सिंह ( JE), राम चंद्र, अमृतपाल सिंह सलेमगढ़, लपिंदर सिंह, सिमरन सिंह, हरदीप सिंह ढोलन, केवल सिंह बोदलवाला, मनदीप सिंह भदौड़, मानवप्रीत सिंह, अवतार सिंह भीपा, मुकेश कुमार, अमनदीप सिंह, अमरजीत सिंह, बिट्टू सिंह और सनप्रीत सिंह सहित कई अन्य बिजली कर्मी उपस्थित थे।

# बबली ढिल्लों ने की अधिक से अधिक मतदान करने की अपील

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/25 मई। नगर निगम चुनावों को लेकर शिरोमणि अकाली दल के शहरी जिला प्रधान इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट का अपना महत्व होता है और मजबूत लोकतंत्र के लिए हर नागरिक को अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।



इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि नगर निगम चुनाव शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं, इसलिए लोग किसी भी लालच या दबाव में आए बिना वोट डालें। उन्होंने खास तौर पर युवाओं, महिलाओं और पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं को भी लोकतंत्र के इस त्योहार में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनावों के लिए हर मतदाता की भागीदारी जरूरी है। इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने शिरोमणि अकाली दल के समर्थकों और आम जनता से 26 मई को सुबह ही अपने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की।

## मृणाल ठाकुर

### मृणाल ठाकुर का बीच लुक वायरल!

लुधियाना/मुंबई। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर की लेटेस्ट बीच तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। फैंस उनके ग्लैमरस और कॉन्फिडेंट अंदाज की जमकर चर्चा कर रहे हैं। तस्वीरों में उनका स्टाइलिश लुक और फिटनेस देखकर लोग हैरान रह गए। कुछ यूजर्स ने उनकी तुलना पुराने रोल्स से करते हुए मजेदार कमेंट्स भी किए। सोशल मीडिया पर यह तस्वीरें तेजी से वायरल होकर ट्रेंड बन गई हैं।



# नैतिकता के बिना शिक्षा अधूरी, विद्यार्थियों को दिए संस्कार: जी.एच.जी अकादमी में विशेष व्याख्यान

## बेहतर समाज के निर्माण के लिए नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प।





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/25/मई। जी.एच.जी अकादमी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और चरित्र निर्माण के उद्देश्य से 'विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व' विषय पर एक विशेष और प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुँचीं परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की महत्ता पर विशेष बल दिया।

### चरित्र निर्माण ही सफलता की पहली सीढ़ी

व्याख्यान के दौरान मैडम परमजीत कौर ने ईमानदारी, अनुशासन, बड़ों के प्रति सम्मान, दयाभाव और अपनी जिम्मेदारियों को समझने जैसे मूलभूत नैतिक मूल्यों पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'किताबी ज्ञान हमें सिर्फ डिग्रियां दे सकता है, लेकिन नैतिक मूल्य ही हमें एक अच्छा इंसान और समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। एक सकारात्मक व्यवहार और मजबूत चरित्र ही भविष्य की सफलताओं का आधार है।'

### विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने न सिर्फ वक्ता के विचारों को बेहद ध्यानपूर्वक सुना, बल्कि चर्चा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने सवाल भी पूछे। व्याख्यान के समापन पर सभी विद्यार्थियों ने इन नैतिक मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में पूरी निष्ठा के साथ अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### स्कूल प्रबंधन ने जताया आभार

विद्यालय के प्रधानाचार्य (प्रिंसिपल) और समूह स्टाफ सदस्यों ने इस बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरक सत्र की जमकर सराहना की। उन्होंने अतिथि वक्ता परमजीत कौर का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सही राह दिखाने और उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्मानपूर्वक किया गया।

Uturn Time 26 May 2026_Layout 2 26-05-2026 00:04 Page 12



# गुलमर्ग केबल कार में तकनीकी खराबी: हवा में फंसे 300 पर्यटक, 200 से अधिक का सुरक्षित रेस्क्यू

गुलमर्ग/यूटर्न/25 मई। जम्मू-कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल गुलमर्ग में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विश्व प्रसिद्ध गोंडोला केबल कार सेवा अचानक तकनीकी खराबी के कारण बीच हवा में रुक गई। इस घटना में करीब 300 पर्यटक ऊंचाई पर अलग-अलग केबिनों में फंस गए। दोपहर करीब 2:30 बजे के बाद सभी केबिन अचानक बंद हो गए, जिससे 65 केबिन हवा में अटक गए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। अचानक हुई इस घटना से पर्यटकों में घबराहट फैल गई और नीचे घाटी में भी हलचल बढ़ गई। अधिकारियों के अनुसार, कई केबिन लगभग 500 फीट की ऊंचाई पर लटके हुए थे, जिससे रेस्क्यू अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण बन गया। इस दौरान भारी बारिश ने बचाव कार्यों में और भी बाधा डाली। रिपोर्ट लिखे जाने तक 200 से अधिक लोगों को बचाया जा चुका है और बाकी यात्रियों को सुरक्षित निकालने का कार्य तेजी से चल रहा है। सेना और रेस्क्यू टीमों ने रस्सियों और विशेष उपकरणों की मदद से केबिनों तक पहुंचकर एक-एक कर यात्रियों को सुरक्षित निकाला।



## सरकार की स्थिति पर नजर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और सभी यात्री सुरक्षित हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी डीजीपी को मौके पर भेजने के निर्देश दिए और राहत कार्यों की निगरानी की बात कही। सेना ने भी चिनार कोर के सहयोग से त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने की जानकारी दी है। प्रशासन ने बताया कि केबल कार सिस्टम की मरम्मत का काम भी जारी है। गौरतलब है कि गुलमर्ग गोंडोला में इससे पहले 2017 में भी बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। वहीं पिछले वर्ष तकनीकी खराबी के कारण सेवा अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी थी।

## जांच टीमों ने शुरू किया बचाव कार्य

घटना के बाद एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, बीएसएफ स्पेशल टीम्स, एचएडब्ल्यूएस और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार, एसडीआरएफ, गुलमर्ग पुलिस, एसओजी, स्नो लेपर्ड्स और जम्मू-कश्मीर आर्म्ड पुलिस (14 माउंटेन रेस्क्यू टीमों सहित) ने मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पहले पांच घंटों में ही बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित निकाला गया और लगभग 70 प्रतिशत केबिनों से यात्रियों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

# पंजाबी सिंगर 5 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार, थार में करता था सप्लाई, ड्रगमनी भी बरामद

खन्ना/यूटर्न/25 मई। पंजाब सिंगर हरबीर सिंह सोहल को पुलिस ने 5 किलो 100 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 1.50 लाख रुपए की ड्रग मनी भी बरामद हुई है। आरोपी से बरामद हेरोइन की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 30 करोड आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक पूरा ड्रग नेटवर्क ऑस्ट्रेलिया से ऑपरेट हो रहा था और इसके तार गैंगस्टर जयपाल भुल्लर गैंग से भी जुड़े मिले हैं। खन्ना पुलिस ने हरबीर सिंह सोहल को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह अपनी थार गाड़ी में हेरोइन लेकर जा रहा था। तलाशी के दौरान पुलिस ने गाड़ी से हेरोइन और ड्रग मनी बरामद की। जांच एजेंसियां अब विदेशी फंडिंग, ड्रग सप्लाई चेन और गैंगस्टर नेटवर्क के कनेक्शन खंगाल रही हैं।



## मार्च में पकड़ा था नशा तस्कर

एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने बताया कि इस मामले की शुरूआत 7 मार्च 2026 को हुई थी। थाना दोराहा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक इटियॉस कार को रोका और उसमें सवार लुधियाना निवासी अक्षय कुमार के कब्जे से 301 ग्राम हेरोइन बरामद की। अक्षय कुमार से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर 268 ग्राम अतिरिक्त हेरोइन, 10 ग्राम आइस ड्रग, 30 जिंदा कारतूस और ड्रग मनी भी मिली। जांच में सामने आया कि अक्षय कुमार नशे की यह खेप विशाल और संजीव कुमार उर्फ सन्नी से लेता था। ये तीनों मिलकर पंजाब के विभिन्न इलाकों में ड्रग्स की सप्लाई करते थे।

## जेल में दोस्ती, बाहर आकर खड़ा किया ड्रग नेटवर्क

एसएसपी के अनुसार संजीव कुमार उर्फ सन्नी की मुलाकात जेल में जतिंदर सिंह उर्फ गोल्डी से हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने मिलकर ड्रग नेटवर्क को मजबूत किया। इसी दौरान गुरजंट सिंह उर्फ जंटा और पंजाबी गायक हरबीर सिंह सोहल के नाम भी जांच के दायरे में आए, जिसके बाद सोहल को गिरफ्तार किया गया।

## ऑस्ट्रेलिया से गुरजंट चला रहा था नेटवर्क

जांच एजेंसियों का कहना है कि गुरजंट सिंह उर्फ जंटा ऑस्ट्रेलिया में बैठकर पूरे नेटवर्क को चला रहा था। पंजाब में मौजूद उसके साथी नशे की सप्लाई का काम संभालते थे। गैंगस्टर भुल्लर गैंग के साथ संबंध सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां इस एंगल पर भी जांच कर रही हैं कि कहीं ड्रग मनी का इस्तेमाल संगठित अपराध और गैंग ऑपरेशन में तो नहीं किया जा रहा था।

# भाजपा विधायक ने शिअद उम्मीदवार के लिए मांगे वोट, बोले- अकाली दल के लिए प्रचार करना उनका निजी फैसला

होशियारपुर/यूटर्न/25 मई। पंजाब में नगर परिषद चुनावों के प्रचार के अंतिम दिन एक नई राजनीतिक तस्वीर सामने आई। होशियारपुर की मुकेरियां सीट से भाजपा विधायक जंगी लाल महाजन को अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी अकाली दल के उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार करते देखा गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब दोनों दल राज्य में अलग-अलग चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान, विधायक महाजन अकाली दल के चुनाव चिह्न 'तकड़ी' के लिए वोट मांगते हुए दिखाई दिए। यह स्थिति पंजाब की राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि भाजपा और अकाली दल ने सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे से दूरी बना ली है। हालांकि पंजाब में अकाली दल और भाजपा बड़े पैमाने पर यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं और राज्य की जनता के सामने एक-दूसरे से दूरी बना ली है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। एक भाजपा विधायक का अकाली दल के उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार करना इस दावे के विपरीत है।



## विधायक बोले- प्रचार करना उनका निजी फैसला

जब इस मामले में भाजपा नेता जंगी लाल महाजन से पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि बड़े पैमाने पर गठबंधन का फैसला उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में अकाली दल के लिए प्रचार करना उनका निजी फैसला है। यह गौरतलब है कि कुछ दिन पहले होशियारपुर आए भाजपा नेता तरुण चुघ सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मंचों से लगातार यह दावा किया था कि भाजपा पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। महाजन का यह कदम पार्टी के इन बयानों के विपरीत प्रतीत होता है।

# 9 वर्षीय बच्ची फंदे से लटकी मिली, पुलिस मामले की जांच में जुटी

मोगा/यूटर्न/25 मई। मोगा के थाना सिटी क्षेत्र की मेखां वाली गली स्थित क्वार्टरों में एक प्रवासी मजदूर परिवार की 9 वर्षीय बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। यह परिवार मूल रूप से बिहार का निवासी बताया जा रहा है, जो मोगा में मजदूरी करता है।



बच्ची की पहचान सरिता साहनी की बेटी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। घटनास्थल पर डीएसपी सिटी जतिन्द्र सिंह, थाना सिटी मोगा के प्रभारी इंस्पेक्टर वरुण कुमार और पुलिस टीम पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के मजदूरों व स्थानीय लोगों से पूछताछ कर सुराग जुटाने का प्रयास किया। डी.एस.पी. सिटी जतिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल घटना के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों में यह चर्चा है कि बच्ची की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया हो सकता है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वरुण कुमार ने पुष्टि की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372